दिलदार सावरिया | By Palash Agarwal

वो सजके बैठा है बैठा है सांवरिया सरकार
लगा दो जयकारा जयकारा खुश होगा लखदातार

तुम जो मांगोगे श्याम धणी वो देकर जायेगा
दिलदार सांवरिया है ना कर नहीं पायेगा

भाव से दर्शन आके करना तू
ध्यान बाबा का मन में धरना तू
जो भी है दिल में इसको कह देना
प्रेम भक्ति में आगे बढ़ना तू
जब सच्ची लगन से सांवरिया से तार मिलाएगा
दिलदार सांवरिया है ना कर नहीं पायेगा

कानो को भजनो का रस दे देना
वाणी से मीठा नाम ले लेना
श्याम का कीर्तन श्याम की बातें
सच्चे प्रेमी का है ये ही गहना
वो मिल जायेगा तुझको जब उसमे रम जायेगा
दिलदार सांवरिया है ना कर नहीं पायेगा

श्याम अमृत जब मन में घोलेगा
प्रेम तब सर पे चढ़ कर बोलेगा
तुझको भायेगा प्रेमियों का संग
गली गली कीर्तन में डोलेगा
पंकज जो तू सावरिया के रंग रंग जायेगा
दिलदार सांवरिया है ना कर नहीं पायेगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-palash-agarwal/